भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3024**

उत्तर देने की तारीख 11 जुलाई, 2019

20 आषाढ़, 1941 (शक)

# राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय में रिक्त पद

**3024. श्री दीपक बैजः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में कार्यशील राष्ट्रीय खेलकूद विश्वविद्यालयों की संख्या कितनी है;

(ख) राज्य/विश्वविद्यालय-वार कोचों के कितने पद रिक्त हैं;

(ग) देश में कितने विदेशी कोचों की नियुक्ति की गई है और उनके वेतन और भत्तों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) देश में कितने घरेलू कोचों की नियुक्ति की गई है तथा इनके वेतन और भत्तों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का विदेशी कोचों की बजाय घरेलू कोचों को प्रोत्साहित करने का विचार है ताकि देश में प्रतिभा को अवसर प्रदान किया जा सके तथा यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) देश में केवल एक राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय (एनएसयू) है जिसे मणिपुर (इम्फाल) में स्थापित किया जा रहा है ।

(ख) कोचों के पद राज्य/ विश्वविद्यालय-वार संस्वीकृत नहीं किए जाते हैं। एनएसयू में कोचों की आवश्यकता अभी नहीं है।

(ग) केन्द्रीय सरकार राज्यों के लिए कोचों की नियुक्ति नहीं करती है । भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) के लिए संविदा आधार पर नियुक्त विदेशी कोचों की सूची अनुबंध में दी गई है ।

(घ) केन्द्रीय सरकार राज्यों के लिए कोचों की नियुक्ति नहीं करती है । प्रशिक्षण सुविधाओं के लिए साई में इस समय 882 कोच नियमित आधार पर और 126 कोच संविदा आधार पर कार्य कर रहे हैं । नियमित रूप से नियुक्त कोच नियमित वेतनमान में कार्य कर रहे हैं जबकि संविदा कोचों को इस समय 38,590 रु. से 61,150 रु. तक मासिक पारिश्रमिक दिया जा रहा है।

(ङ) कोचों का विकास और उनकी क्षमता में सुधार एक सतत प्रक्रिया है । केन्द्रीय सरकार भारतीय कोचों की क्षमता में सुधार करने के लिए मानव संसाधन विकास स्कीम (एचआरडीएस) के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता प्रदान कर रही है । विभिन्न राष्ट्रीय खेल परिसंघों के साथ प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए वार्षिक कैलेंडर (एसीटीसी) की बैठकों में उनसे आग्रह किया गया है कि वे भारतीय कोचों के लिए समुचित प्रशिक्षण क्षमता और उन्नयन कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करें । राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला और राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय, मणिपुर कोचों के विकास के लिए शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं । सरकार ने राष्ट्रीय खेल कोचिंग केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है ।

****

**अनुबंध**

**राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय में रिक्त पद के संबंध में दिनांक 11.07.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3024 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**विदेशी कोचों/ सहायक स्टाफ को पारिश्रमिक का ब्यौरा**

| क्र. सं. | खेल विधा और स्पर्धा | नाम | पदनाम | कार्यग्रहण करने की तारीख और संविदा समाप्त होने की तारीख | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एथलेटिक्स (लंबी और मध्यम दूरी की दौड़) | श्री निकोलाई सनेसारेव | कोच | 30-11-2016 से 29-11-2020 तक | 8000/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 2. | एथलेटिक्स (थ्रोइंग स्पर्धा) | श्री इयुरी मीनाकोव | कोच | 15-02-2017 से 31-08-2017 तक 31 अगस्त, 2020 तक बढ़ाया गया | 5000/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 3. | एथलेटिक्स 400 मीटर और 4x400 मीटर | सुश्री गेलीना पी. बुखारीना | कोच | 19-05-2017 से 31-08-2020 तक | 10000/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 4. | एथलेटिक्स संयुक्त स्पर्धाएं | श्री एनातोली फतयेयेव | कोच | 01-09-2017 से 31-08-2020 तक | 5000/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 5. | एथलेटिक्स जेवलिन थ्रो | श्री उवेहोन | कोच | 25-10-2017 से 31-08-2020 तक | 8000/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 6. | एथलेटिक्स जेवलिन थ्रो | डॉ पेड्ड हाबील क्लाउस | कोच | 14-03-2019 से 13 मार्च, 2020 तक, जिसे 31 अगस्त, 2020 तक बढ़ाया जा सकता है | 6000/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 7. | एथलेटिक्स 4x400 मीटर रिले | श्री सत्सुक वालेरी | कोच | 14-03-2019 से 13 मार्च, 2020 तक, जिसे 31 अगस्त, 2020 तक बढ़ाया | 5000/- यूएसडी प्रतिमाह |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | जा सकता है | |
| 8. | एथलेटिक्स पैदल चाल | श्री अलेक्जेंडर आर्टसीबाशेव | कोच | 22 मार्च, 2019 से 30 जून, 2019 तक जिसे ओलंपिक खेल, 2020 तक बढ़ाया जा सकता है | 5445/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 9. | बैडमिंटन | श्री इस्कारिफान जया | कन्सल्टेन्ट कोच सह स्पारिंग पार्टनर | 03-02-2017 से 31-08-2020 तक | 2,500/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 10. | बैडमिंटन | श्री मोहम्मद मिफ्ताख | कन्सल्टेन्ट कोच सह स्पारिंग पार्टनर | 14-03-2017 से 31-08-2020 तक | 2,500/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 11. | बैडमिंटन | श्री द्विक्रिस्तिवान | कन्सल्टेन्ट कोच | 14-03-2017 से 31-08-2020 तक | 3,000/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 12. | बैडमिंटन | सुश्री किम जी ह्यून | कोच | 19.03.2019 से 31.08.2020 तक | 8,000/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 13. | बास्केटबॉल | श्री वेसलीन मातिक | कोच | 13.05.2019 से 12.05.2019 तक | 7,000/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 14. | मुक्केबाजी | श्री राफेली बर्गामसको | विदेशी कोच | 08 जुलाई, 2017 (31/12/2020 तक संविदा) | 7000/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 15. | हाकी | श्री डब्ल्यूएन मारिया मेरिजन | मुख्य कोच | 23 फरवरी 2017 से 31 अगस्त 2020 तक | 9500/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 16. | हाकी | श्री क्रिस्टोफर निकोलस सिरिलियो | विश्लेषक कोच | 14 जनवरी 2018 से 31 अगस्त 2020 तक | 9500/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 17. | हाकी | श्री इरिक जोहान वोनिक | विश्लेषक कोच | 23 फरवरी 2017 से 31 अगस्त 2020 तक | 8500/- यूएसडी प्रतिमाह |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 18. | हाकी | श्री ग्राहम जॉन रेड | मुख्य कोच | 18 अप्रैल, 2019 से 31 दिसम्बर, 2020 तक | 13,500/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 19. | निशानेबाजी (पिस्टल) | श्री स्मिरनोफ पावेल | विदेशी कोच | 25 जनवरी से 2019 तक 31 अगस्त, 2020 तक | 7500/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 20. | निशानेबाजी (राइफल) | श्री मिखाइलोव ओलेग | विदेशी कोच | 7 फरवरी, 2019 से 31 अगस्त, 2020 तक | 7500/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 21. | शॉटगन, (स्कीट) | श्री इनियो फाल्को | विदेशी कोच | 8 मार्च 2019 से 31 अगस्त, 2020 तक | 600 यूरो प्रतिदिन (160 दिनों के लिए) |
| 22. | तैराकी (डाइविंग) | श्री योनदिया सालाजार देसपाइगने | विदेशी कोच, क्यूबा | 14 मार्च, 2018 से 31 अगस्त, 2020 तक | 3500/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 23. | टेबल टेनिस | श्री यिन वेई | चीन से विदेशी कोच | 19 जून 2019 से 18 जून, 2020 तक | 3500/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 24. | टेबल टेनिस | श्री ब्रेट क्लार्क | आस्ट्रेलिया से विदेशी कोच | 13 जून 2019 से 12 जून, 2020 तक | 4000/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 25. | कुश्ती | तेमो काजाराश्विली | ईरान से विदेशी कोच | 15 फरवरी, 2019 से अगस्त, 2020 तक | 4000/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 26. | कुश्ती | एन्ड्रयू जॉन कुक | अमेरिका से विदेशी कोच | 21 फरवरी, 2019 से अगस्त, 2020 तक | 4500/- यूएसडी प्रतिमाह |
| 27. | कुश्ती | श्री होसिन कारिमी | ईरान से विदेशी कोच | 08 अप्रैल, 2019 से 31 अगस्त, 2020 तक | 3500/- यूएसडी प्रतिमाह |

*****